हरिभूमि

नर्मदापुरम भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, शनिवार 31 अक्टूबर 2026

नर्मदापुरम | इटारसी | पिपरिया | पचमढ़ी | सोहागपुर | सिवनी-मालवा | माखननगर | बनखेड़ी

04 स्वामित्व योजना में सर्वर बन रहा रोड़ा, आधार-समग्र में नाम मिसमैच होने...



07 बाजार के बिगड़े हालात सुधारने सुझाव दिए, दीपावली पूर्व सुधार की...



खबर संक्षेप

3 नवंबर तक किया जाएगा भुगतान

नर्मदापुरम। जिला जनगणना अधिकारी ने बताया कि जिले में जनगणना 2027 का कार्य प्रक्रियाधीन है। जनगणना के प्रथम चरण के अंतर्गत मकान सूचीकरण कार्यक्रम का संचालन किया गया था। इस कार्य में नियुक्त प्रगणकों एवं पर्यवेक्षकों को उनके कार्य के एवज में मानदेय भुगतान की प्रक्रिया जारी है। प्रमुख जिला जनगणना कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार मकान सूचीकरण कार्यक्रम में कार्यरत 784 प्रगणकों एवं पर्यवेक्षकों को मानदेय राशि का भुगतान किया जा चुका है। वहीं शेष 1573 प्रगणकों एवं पर्यवेक्षकों के मानदेय भुगतान की प्रक्रिया जारी है।

कार्बाइड गन के निर्माण भंडारण व विक्रय पर रोक

नर्मदापुरम। आम नागरिकों की सुरक्षा, कानून व्यवस्था, शांति एवं पर्यावरण संरक्षण को दृष्टिगत रखते हुए जिला प्रशासन द्वारा अवैध रूप से तैयार किए जाने वाले संशोधित पटाखों (कार्बाइड गन) के निर्माण, भंडारण एवं विक्रय प्रतिबंधित किया गया है। कलेक्टर श्री आशीष वशिष्ठ ने उक्त संबंध में भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता (बीएनएसएस), 2023 की धारा 163 के तहत प्रतिबंधात्मक आदेश जारी किए हैं।

किसानों को दे रहे थे उधार, शक होने पर दर्ज कराया मामला

खाद के नाम पर बेच रहे थे गलत उत्पाद, बोरियों से भरा ट्रक किया जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

शहर के समीपस्थ सिवनी मालवा थाना अंतर्गत ग्राम रूपादेह में बुधवार को एक नकली खाद से भरा ट्रक पकड़ा गया। इसमें राखड़ के नाम से केवल मिलावटी मिट्टी भरी हुई थी और उसे किसानों को उधार में धोखाधड़ी से बेचा जा रहा था। मामला सामने आने के बाद भारतीय किसान संघ के तहसील अध्यक्ष रामेश्वर जाट ने शक के आधार पर इसकी सूचना कृषि अधिकारियों को दी । श्री जाट ने बताया जाता है कि ग्राम रूपादेह में एक ट्रक जिसमें लगभग 500 बोरी खाद की भरी हुई थी और इसे सुपर फास्फेट जैसे राखड़ भी कहते हैं के नाम से बेचा जा रहा था , लेकिन इसमें मिट्टी मिली हुई थी। श्री जाट ने बताया कि हमने उनसे लाइसेंस मांगा , पक्का बिल मांगा लेकिन वह नहीं दे पाए और कहा कि वे इंदौर से आए हैं।

तहसील के झकलाय गांव में किसानों को सिंगल सुपर फास्फेट (SSP) के नाम पर सिलिकॉन पाउडर बेचने का मामला सामने आया है।



गुमराह कर खाद बेचने की हुई थी शिकायत

वहीं जानकारी के मुताबिक, 30 अक्टूबर को झकलाय निवासी ने वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी को फोन कर शिकायत की थी। उन्होंने बताया कि श्री दयोदय ऊर्जा एवं जैविक खाद प्राइवेट लिमिटेड, विदिशा रोड भोपाल के प्रतिनिधि पंकज पटेल किसानों को गुमराह कर खाद बेच रहे हैं। शिकायत मिलने पर जांच दल भेजा। टीम को विनय रघुवंशी के खेत में रखी बोरियों पर 'दयोदय सुपर (भूमि सुधारक) सिलिकॉन (SiO2) 58 प्रतिशत' लिखा मिला।

'उर्वरक के नाम पर धोखाधड़ी'

रामेश्वर जाट ने मामले की वरिष्ठ कृषि अधिकारियों को सूचना दी और फिर ट्रक जब्त कर धारा 318 (4) बीएनएस 3, 7 वस्तु अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर कार्यवाही की जा रही है। इस मामले में रविंद्र कुमार तिवारी सिवनी मालवा निवासी पर केस दर्ज किया गया है। फरियादी शैलेंद्र राठौर ने मामला दर्ज कराया। बताया जाता है कि उर्वरक के नाम पर धोखाधड़ी से किसानों को इसे बेचा जा रहा था। ट्रक को जप्त कर इसकी जांच की जा रही है। जांच के आधार पर ही आगे की कार्यवाही की जाएगी। गौरतलब हैं कि कलेक्टर ने भी नकली खाद और बीज बेचने वालों पर कार्रवाई करने की बात कही है और जगह इसके लिए अभियान भी चलाजा रहे हैं।

किसानों को बेंची बोरियां

कृषि विभाग के आवेदन के अनुसार, पंकज पटेल ने भानूप्रताप पिता तुलाराम रघुवंशी को 30 बोरी और अंकित रघुवंशी पिता प्रेमनारायण को 18 बोरी सिलिकॉन पाउडर **SSP** के नाम पर बेचा था।

इनका कहना है...

नकली खाद से भरा एक ट्रक ग्राम रूपादेह आया। जब हमने उनसे लाइसेंस और पक्का बिल मांगा तो उन्होंने नहीं दिया और सुपर फास्फेट राखड़ के नाम पर बोरी में केवल मिट्टी भरी थी और उधार किसानों को देने की बात की जा रही थी।

रामेश्वर जाट, भाकिसं तहसील अध्यक्ष सिवनी मालवा

पुलिस ने 1.5 लाख रुपए का मादक पदार्थ गांजा किया जब्त

डोलरिया पुलिस ने की कार्रवाई



हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

अवैध मादक पदार्थों की खरीद-बिक्री एवं तस्करी पर प्रभावी रोकथाम के लिए चलाए जा रहे विशेष अभियान के परिप्रेक्ष्य में पुलिस अधीक्षक के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक नर्मदापुरम अभिषेक राजन के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी डोलरिया की टीम द्वारा सघन चेकिंग अभियान चलाकर एनडीपीएस एक्ट के तहत वैधानिक कार्रवाई की गई है। मुखबिर की सूचना पर थाना प्रभारी डोलरिया निरीक्षक प्रवीण चौहान द्वारा एनडीपीएस एक्ट के तहत बड़ी कार्रवाई करते हुए द मान ढाबा के सामने डोलरिया सिवनी मालवा रोड ग्राम सोनखेड़ी से आरोपी विशाल पिता शिव कुमार श्रीवास्तव निवासी- डिपो के पास खिरकियां, थाना छिपावड़,को एक काले रंग की बिना नंबर की मोटर साइकिल पर अवैध मादक पदार्थ गांजा ले जाते हुए पकड़ा। आरोपी के कब्जे से एक बैग में दो थैली में कुल 9 किलो 970 ग्राम अवैध मादक पदार्थ गांजा जिसकी कीमत डेढ़ लाख तथा घटना में प्रयुक्त मोटर साइकिल कीमत लगभग 1,25,000 रुपये कुल मशरुका करीब 2,75,000 रुपये का जप्त कर थाना डोलरिया में अपराध क्रमांक 183/26, धारा 08/20 NDPS एक्ट पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया । कार्यवाही में थाना प्रभारी डोलरिया निरीक्षक प्रवीण चौहान, उपनिरीक्षक गणेश रघुवंशी, स.उ.नि. दुर्गेश मालवीय, स.उ.नि. नरेश रघुवंशी, प्रधान आरक्षक संदीप पटेल, प्रधान आरक्षक मोहित आठनेरे, आरक्षक तीर्थ कुमार यादव एवं आरक्षक संगीत राजपूत की सराहनीय भूमिका रही।

बदमाश काट कर ले गए 98 हजार का एल्युमिनियम तार

घर से कार लेकर रफू चक्कर

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

शहर के समीपस्थ केसला थाना अंतर्गत झापड़ी रोड ग्राम बर्रा में एल्युमिनियम का तार बदमाश काट कर ले गए। वहीं सिवनी मालवा में एक युवक की कार घर से चोरी हो गई। पुलिस ने मामला दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है। बताया जाता है कि झापड़ी रोड में रविंद्र ब्लॉक कॉलोनी केसला निवासी के यहां से अज्ञात बदमाश एल्युमिनियम का रैपिड तार काट कर ले गए, जिसकी कीमत 98 हजार रुपए बताई गई है । अब पुलिस जांच कर रही है। वहीं फरियादी मुकेश राठौर सिवनी मालवा निवासी के घर के सामने से अज्ञात बदमाशों ने कार चुरा कर रफू चक्कर हो गए। कार की कीमत लगभग 90 हजार रुपए आंकी गई है। अब पुलिस ने दोनों ही मामले में जांच कर बदमाशों की तलाक शुरू कर दी है। विदित हो कि पिछले कुछ दिनों से शहर की कालोनियों में चोरों ने सेंध लगानी शुरू कर दी है।

कुलदीप रघुवंशी को मिली भाजयुमो जिलाध्यक्ष की कमान

कुलदीप रघुवंशी बने भारतीय जनता युवा मोर्चा के नर्मदापुरम जिलाध्यक्ष, रूपेन्द्र साहू को जिला महामंत्री की जिम्मेदारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

भाजपा ने संगठन को नई ऊर्जा और मजबूती देने की दिशा में भारतीय जनता युवा मोर्चा (भाजयुमो) के जिला स्तर पर महत्वपूर्ण नियुक्तियां की हैं। भाजयुमो मध्यप्रदेश के प्रदेश अध्यक्ष श्याम टेलर द्वारा जारी नियुक्ति पत्र के अनुसार इटारसी निवासी युवा नेता कुलदीप रघुवंशी को भारतीय जनता युवा मोर्चा नर्मदापुरम का जिलाध्यक्ष नियुक्त किया गया है। वहीं रूपेन्द्र साहू को जिला महामंत्री की जिम्मेदारी सौंपी गई है।



कुलदीप रघुवंशी की नियुक्ति की खबर सामने आते ही इटारसी सहित पूरे जिले के भाजपा कार्यकर्ताओं और उनके समर्थकों में खुशी की लहर दौड़ गई। समर्थकों ने आतिशी उत्साह के साथ ढोल-ढमाकों की गूंज के बीच नाचते-गाते हुए उनका स्वागत किया। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने फूल-मालाओं से उनका जोरदार अभिनंदन कर नई जिम्मेदारी के लिए बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। पूरे माहौल में उत्सव और उल्लास दिखाई दिया।

जनप्रतिनिधियों ने दी बधाई

कुलदीप रघुवंशी की नियुक्ति पर क्षेत्रीय विधायक डॉ. सीतासरन शर्मा, सांसद दर्शन सिंह चौधरी, भाजपा जिलाध्यक्ष प्रीति शुक्ला सहित जिले के अन्य तीनों विधायकों ने भी उन्हें बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। जनप्रतिनिधियों ने युवा नेतृत्व को मिली इस महत्वपूर्ण जिम्मेदारी पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए आशा जताई कि उनके नेतृत्व में युवा मोर्चा संगठनात्मक गतिविधियों को और अधिक गति देगा तथा युवाओं को पार्टी की विचारधारा से जोड़ने का कार्य करेगा। कुलदीप रघुवंशी के जिलाध्यक्ष बनने पर उनके मित्र मंडल में भी खासा उत्साह देखने को मिला। सभापति राकेश जाधव, मनजीत कलोसिया, अजय तोमर, बेअंत सिंह बंजारा, विशाल कुशवाह, मनोज बत्रा, गोपाला मालवीय और करण बरगले सहित अनेक मित्रों, शुभचिंतकों एवं समर्थकों ने हर्ष व्यक्त किया।

मोबाइल पर व्हाट्सएप लिंक भेज कर उड़ा दिए 54 हजार

धोखाधड़ी से ट्रांसफर किए 79 हजार

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

शहर के समीपस्थ ग्राम सूरजपुर में एक युवक के साथ धोखाधड़ी हो गई और उनकी जानकारी के बिना बदमाशों ने उनके खाते से 79 हजार रुपए ट्रांसफर कर लिए । वहीं इटारसी थाना अंतर्गत गांधीनगर से व्हाट्सएप लिंक भेज कर युवक के खाते से 54 हजार रुपए उड़ा दिए। अब दोनों ही मामलों में पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार फरियादी रविशंकर के घर ग्राम सूरजपुर में मोबाइल पर अज्ञात बदमाशों ने धोखाधड़ी से 79 हजार रुपए ट्रांसफर कर लिए और इस बात का उन्हें बाद में पता चला। इसको लेकर रवि शंकर ने अज्ञात के खिलाफ सिवनी मालवा थाने में मामला दर्ज कराया । वहीं गांधी नगर के जगदीश प्रसाद के मोबाइल पर बदमाशों ने एक व्हाट्सएप लिंक भेजी और फिर उस पर क्लिक करते ही 54 हजार रुपए खाते से उड़ा दिए । इसको लेकर अब पुलिस जांच कर रही है।

हाथों के बल नर्मदा परिक्रमा, वर्षों से कठिन तपस्या कर रहे संत, लोगों ने किया अभिवादन

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

माँ नर्मदा के तटों और मार्गों पर आस्था के अनेक रूप देखने को मिलते हैं, लेकिन इस बार सड़क से गुजरने वाले हर व्यक्ति की निगाहें एक ऐसे संत पर टिक गईं जो शारीरिक सीमाओं को चुनौती देते हुए आगे बढ़ रहे हैं। यह तपस्वी संत सामान्य रूप से चलने के बजाय, अपने पैर ऊपर हवा में उठाकर केवल हाथों के बल चलकर पावन नर्मदा परिक्रमा पूरी कर रहे हैं। हाल ही में वे सेमी रिटर्न चौराहे को पार करते हुए पुलिस लाइन मार्ग की दिशा में आगे बढ़े। संत बिना किसी विश्राम के, पूरी एकाग्रता के साथ अपने ही तय किए रास्ते पर निरंतर अग्रसर हैं।





देश की खुशहाली के लिए वर्षों की कठिन साधना संत की यह तपस्या किसी तात्कालिक संकल्प का हिस्सा नहीं है, बल्कि वे वर्षों से इसी कठोर नियम का पालन करते आ रहे हैं। उनके इस त्याग और शारीरिक श्रम के पीछे केवल एक ही उद्देश्य है संपूर्ण भारतवर्ष की खुशहाली, शांति और जनकल्याण की कामना शीर्षासन जैसी मुद्रा में हथेलियों के सहारे शरीर का संतुलन बनाए रखते हुए वे धीरे-धीरे अपने गंतव्य की ओर बढ़ते जा रहे हैं।

जैसे ही संत सड़क से गुजरे, राहगीर, स्थानीय दुकानदार और नागरिक आश्चर्यचकित होकर रुक गए। अपने मार्ग पर शांत भाव से बढ़ रहे संत के दर्शन के लिए लोगों की भीड़ लग गई। श्रद्धालुओं ने हाथ जोड़कर उनका अभिवादन किया

ग्राम रायपुर में उप सचिव मंजूष राय ने किया निरीक्षण



हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

शहर के समीपस्थ शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय रायपुर में मध्य प्रदेश शासन की उपसचिव मंजूषा राय द्वारा आकस्मिक निरीक्षण किया गया । निरीक्षण के दौरान उन्होंने विद्यार्थियों से प्रश्न भी पूछे और संतुष्टि पूर्ण जवाब भी मिले । उन्होंने पूछा कि यह स्कूल कितने वर्ष पुराना है। इसको प्राचार्य बीपी पठारिया द्वारा बताया गया कि 1960 का हाई स्कूल है । इसके साथ ही अनेक प्रकार की जानकारियां ली गई और उपसचिव द्वारा आवश्यक दिशा निर्देश भी दिए गए। निरीक्षण के दौरान स्कूल और विद्यार्थियों के बारे में जानकारी ली और क्या कमियां है इसको भी देखा गया। इसके साथ ही उन्होंने आवश्यक निर्देश भी दिए।

तंबाकू मुक्त युवा अभियान के तहत जिला अस्पताल में जागरूकता रैली निकाली गई

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

राष्ट्रीय तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम के अंतर्गत तंबाकू मुक्त युवा अभियान 4.0 के तहत जिला अस्पताल में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया।

कार्यक्रम सीएमएचओ डॉ. नरसिंह गेहलोत के मार्गदर्शन और सिविल सर्जन डॉ. सुनीता कामले की देखरेख में हुआ। कार्यक्रम में नर्मदा नर्सिंग कॉलेज के छात्र-छात्राओं ने जागरूकता रैली और नुक्कड़ नाटक के माध्यम से तंबाकू सेवन के दुष्प्रभावों की जानकारी दी।

छात्रों ने तंबाकू से होने वाले कैंसर, हृदय रोग और श्वसन संबंधी



बीमारियों के प्रति लोगों को जागरूक किया और युवाओं को तंबाकू से दूर रहने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर आरएमओ डॉ. गजेंद्र यादव, डॉ. सपन गोयल, नोडल अधिकारी डॉ. रजनी कुशवाहा, डेंटिस्ट डॉ. अखिलेश सिंघल, डॉ. महेंद्र चौहान सहित अस्पताल स्टाफ, मरीजों और आमजन ने तंबाकू मुक्त भारत की शपथ ली। तंबाकू छोड़ने के इच्छुक व्यक्ति जिला चिकित्सालय के तंबाकू व्यसन मुक्ति केंद्र या राष्ट्रीय तंबाकू मुक्ति हेल्पलाइन 1800-11-2356 पर संपर्क कर सहायता प्राप्त कर सकते हैं।

स्ट्रांग रूम और सीसीटीवी व्यवस्था का लिया जायजा



हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

कार्यालय मुख्य निर्वाचन अधिकारी भोपाल के निर्देशानुसार कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री आशीष वशिष्ठ ने शुक्रवार को कलेक्ट्रेट परिसर स्थित ईवीएम वेयरहाउस का मासिक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान श्री वशिष्ठ ने वेयरहाउस परिसर में स्थित स्ट्रांग रूम का बाहरी निरीक्षण किया तथा सीसीटीवी कंट्रोल रूम की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने सुरक्षा व्यवस्था एवं ईवीएम के रखरखाव संबंधी व्यवस्थाओं की जानकारी प्राप्त कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इस अवसर पर अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी राजेश शुक्ला, निर्वाचन सुपरवाइजर कैलाश दुबे, नेशनल लेवल मास्टर ट्रेनर पंकज दुबे सहित निर्वाचन कार्यालय के अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे।

स्प्रिंगडेल्स स्कूल में हुआ सम्मान समारोह का आयोजन

अंतरराष्ट्रीय खेल उपलब्धियों से चमके द चैम्प्स फन स्कूल एवं स्प्रिंगडेल्स स्कूल के पूर्व विद्यार्थी, किया प्रतिभाओं का सम्मान

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

द चैम्प्स फन स्कूल एवं स्प्रिंगडेल्स सीनियर सेकेंण्डरी स्कूल, नर्मदापुरम के लिए यह अत्यंत गौरव का क्षण है कि विद्यालय के पूर्व विद्यार्थियों ने अंतरराष्ट्रीय खेल मंच पर अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन कर देश, प्रदेश और विद्यालय का मान बढ़ाया है। इन उल्लेखनीय उपलब्धियों के लिए विद्यालय परिवार द्वारा तीनों प्रतिभाशाली खिलाड़ियों का अभिनंदन कर उनकी सफलता पर हर्ष व्यक्त किया गया। द चैम्प्स फन स्कूल की पूर्व छात्रा हर्षिता तोमर ने सेलिंग में कांस्य पदक जीतकर अपनी खेल प्रतिभा का परिचय दिया। वहीं आध्या तिवारी ने सॉफ्ट टेनिस में अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर विद्यालय को गौरवान्वित किया। इसी क्रम में यश बाथरे ने पेंटाथलॉन खेलों में अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सफलता हासिल कर अपनी प्रतिभा का परचम लहराया। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर तीनों खिलाड़ियों की उपलब्धियाँ उनकी कड़ी मेहनत, अनुशासन, समर्पण और निरंतर अभ्यास का प्रतिफल हैं।



प्राचार्य मोना चटर्जी ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा, "हमारे पूर्व विद्यार्थियों की अंतरराष्ट्रीय उपलब्धियाँ पूरे विद्यालय परिवार के लिए अपार गर्व और प्रसन्नता का विषय हैं। हर्षिता, आध्या और यश ने यह सिद्ध किया है कि दृढ़ संकल्प, निरंतर अभ्यास और आत्मविश्वास के साथ किसी भी लक्ष्य को प्राप्त किया जा सकता है। उनकी सफलता हमारे वर्तमान विद्यार्थियों के लिए प्रेरणास्रोत है। हमें विश्वास है कि इन खिलाड़ियों की उपलब्धियों से विद्यार्थियों में खेलों के प्रति रुचि बढ़ेगी और वे भी अपने सपनों को साकार करने के लिए पूरे उत्साह एवं समर्पण के साथ प्रयास करेंगे। डायरेक्टर डॉ. आशीष चटर्जी ने तीनों खिलाड़ियों को बधाई देते हुए कहा कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सफलता प्राप्त करना किसी भी खिलाड़ी के लिए गौरवपूर्ण उपलब्धि है। इस यात्रा में उनके संघर्ष और परिश्रम का हम सम्मान करते हैं। उनकी उपलब्धियाँ यह संदेश देती हैं कि सही मार्गदर्शन, अनुशासन और सफलता के नए आयाम स्थापित किए जा सकते हैं।

खाद्य प्रतिष्ठानों की जांच, 5 किलो मावा नष्ट, नमूने लिए



हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

कलेक्टर नर्मदापुरम आशीष वशिष्ठ के निर्देश पर आगामी त्योहारों को देखते हुए शुक्रवार को राजस्व एवं खाद्य सुरक्षा विभाग की संयुक्त टीम ने सोहागपुर के विभिन्न खाद्य प्रतिष्ठानों पर जांच और सैंपलिंग की कार्रवाई की। कार्रवाई के दौरान बीकानेर मिष्ठान भंडार के कारखाने से मावा एवं मावा बर्फी के नमूने लिए गए। साफ-सफाई न मिलने पर नोटिस जारी किया गया। कमानी गेट स्थित सपना स्वीट्स से मावा का नमूना लिया गया और 5 किलो मावे का विनष्टीकरण कराया गया। इसके अलावा अंजलि स्वीट्स से लड्डू एवं मिठाई, दुबे स्वीट से गुजिया और कलाकंद, मेघा स्वीट्स से मावा पेड़ा और दूध मावा बर्फी के नमूने लिए गए। यह कार्रवाई एसडीएम बबीता राठौर, तहसीलदार शक्ति सिंह, नायब तहसीलदार राम सिपाही मरावी और खाद्य सुरक्षा अधिकारी जितेंद्र सिंह राणा द्वारा की गई।

खबर संक्षेप

3 दिन बंद रहेगी नेहरू पार्क की चौपाटी



बैतूल। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के बैतूल तेंदूपत्ता बोनस वितरण करने आने के दौरान उनके कार्यक्रम की भव्य स्तर पर तैयारियां की जा रही है। इसके साथ ही सुरक्षा की दृष्टि से जिला प्रशासन ने तीन दिनों तक नेहरू पार्क के पास की चौपाटी को बंद रखने का निर्णय लिया है। इसी के तहत चौपाटी आज से बंद कराई गई है। वैसे भी सभी नागरिकों को पता है कि हर महीने की पहली तारीख को चौपाटी बंद रहती है। चौपाटी यूनियन के इस निर्णय से 30, 31 अक्टूबर और 1 नवम्बर को चौपार्टी बंद रखी जाएगी। आज कुछ दुकानदारों द्वारा दुकानें खोली गई थी लेकिन नगर पालिका के अधिकारियों ने चौपाटी पहुंच कर दुकानें बंद करा दी गई।

पुलिस ग्राउंड में वाहनों के प्रवेश के लिए नपा ने डिवाइडर तुड़वाया



बैतूल। पुलिस ग्राउंड पर होने जा रहे तेंदूपत्ता बोनस कार्यक्रम के दौरान हजारों लोग जुटेंगे। इसे देखते हुए नपा ने 13 करोड़ की अधोसंरचना योजना की सडक़ के डिवाइडरों को तोडक़र इनके बीच से बड़े वाहनों और ट्रैफिक को निकालने की व्यवस्था की।

जिले में अब तक सिर्फ 32,523 रजिस्ट्रियां

स्वामित्व योजना में सर्वर बन रहा रोड़ा, आधार-समग्र में नाम मिसमैच होने से भी बढ़ी परेशानी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैतूल

ग्रामीण आबादी की जमीन पर वर्षों से काबिज परिवारों को मालिकाना हक देने के लिए शुरू की गई स्वामित्व योजना के कार्य में सर्वर बड़ा रोड़ा बन रहा है। इस योजना के तहत जिले में 1 लाख 15 हजार 295 प्लॉट से जुड़े 1 लाख 54 हजार 429 हितग्राहियों को योजना का लाभ मिलना है, लेकिन अब तक अब तक जिले में सिर्फ 32,523 रजिस्ट्रियां यानि 28.21 प्रतिशत रजिस्ट्री ही हो पाई हैं। इसके पीछे कारण यह है कि अधिकांश समय इस योजना का सर्वर ठप पड़ा रहने से रजिस्ट्री होने की रफ्तार नहीं बढ़ पा रही है।

दरअसल सरकार की ओर से चलाए जा रहे सेवा संकल्प अभियान में योजना के तहत पात्र परिवारों की संपत्तियों की रजिस्ट्री के लिए स्टाम्प ड्यूटी और पंजीयन शुल्क नहीं लिया जाना है, यानी जिन परिवारों के पास वर्षों से आबादी क्षेत्र में मकान या प्लॉट हैं, उन्हें सरकारी प्रक्रिया के जरिए संपत्ति का दस्तावेज उपलब्ध कराने की व्यवस्था की गई है। लेकिन पहले पटवारियों के विरोध के कारण रजिस्ट्री कार्य में देरी हुई, अब पटवारियों की हड़ताल खत्म होने और मांगें मान लिए जाने के बाद कार्य में सर्वर बड़ा रोड़ा बन रहा है।

जिले में स्वामित्व योजना

तहसील	प्लाट	लाभार्थी	तहसील	प्लाट	लाभार्थी
आठनेर	11920	16317	भीमपुर	9575	12668
आमला	15615	21218	मैंसदेही	14118	16906
घोड़ाडोंगरी	4600	5828	मुलताई	17792	24512
चिचोली	3668	4077	शाहपुर	2816	3167
पट्टन	19507	28122	योग	1,15,295	1,54,429
बैतूल	15684	21614			



32,523 रजिस्ट्री प्रक्रिया पूरी, 3577 का वैरीफिकेशन

जिले में 30 अक्टूबर को दोपहर लगभग 1.30 बजे तक केवल 32,523 रजिस्ट्री की प्रक्रिया पूरी हो पाई है। इनमें से अभी तक केवल 3577 रजिस्ट्री का ही पटवारी वेरिफिकेशन हो सका है। रजिस्ट्री की पूरी प्रक्रिया होने का आंकड़ा तो और भी कम है। इससे अंदाजा लगाया जा सकता है कि रजिस्ट्री की प्रक्रिया जिले में कितनी धीमी रफ्तार से चल रही है। हालांकि केवल जिले में ही नहीं, बल्कि पूरे प्रदेश में यही स्थिति बताई जा रही है। जिले के आठनेर 2519, आमला में 4222, घोड़ाडोंगरी 2444, चिचोली 1729, प्रभातपट्टन 4826, बैतूल 4731, भीमपुर 2346, मैंसदेही 3083, मुलताई 5006 और शाहपुर में 1617 रजिस्ट्री हुई है। सर्वर की परेशानी से जूझ रहे पटवारी यह सोचकर भी परेशान हैं कि सर्वर में सुधार नहीं हुआ और धीमी रफ्तार को लेकर प्रशासन सख्त हुआ तो उन पर कार्रवाई की गाज भी गिर सकती है। हालांकि वे सर्वर की परेशानी से लगातार अफसरों को अवगत करा रहे हैं।

इसी तरह रहा सर्वर तो लग जाएंगे सालों

यदि इसी रफ्तार से रजिस्ट्री होती रही तो इस काम को पूरा होने में महीनों नहीं बल्कि सालों लग सकते हैं। जिले के 1139 ग्रामों में कुल 115295 प्लॉट स्थित है। इन प्लॉटों की 1 लाख, 54 हजार, 429 हितग्राहियों के नाम रजिस्ट्री की जाना है। शुरूआती कई दिन तो पटवारियों की हड़ताल के चलते रजिस्ट्री का काम ही नहीं हो पाया। इसके बाद शासन ने पटवारियों की मांगें मानी और फिर पटवारियों ने काम शुरू किया तो पाया कि जिस सर्वर के जरिए रजिस्ट्री का कार्य किया जाना है, वह सर्वर ही ढंग से काम नहीं कर पा रहा है। दिन में अधिकांश समय यह ठप ही पड़ा रहता है। इससे दिन में तो रजिस्ट्री हो ही नहीं पा रही है। रात में थोड़ा-बहुत चलता है तो पटवारी रात में भी कोशिश करते रहते हैं। इसके बावजूद रजिस्ट्री की रफ्तार धीमी है। पटवारियों का कहना है कि यदि सर्वर ठीक से चले तो एक दिन में 30-35 से ज्यादा रजिस्ट्री की जा सकती है।

सबसे बेहतर स्थिति प्रभातपट्टन और बैतूल तहसील में

जिले में रजिस्ट्री की सबसे बेहतर स्थिति प्रभातपट्टन और बैतूल तहसील में चल रही है। प्रभातपट्टन तहसील के 101 गांवों में कुल 28122 रजिस्ट्री होना है, जिसमें से 4826 रजिस्ट्री हो चुकी है, वहीं बैतूल तहसील के 157 गांवों में कुल 21614 रजिस्ट्री होना है। इनमें से 4731 हो चुकी है। इसी तरह आठनेर तहसील के 99 गांवों में 16317, आमला तहसील के 149 गांवों के 21218, घोड़ाडोंगरी के 112 गांवों के 5828, चिचोली के 69 गांवों के 4077, भीमपुर 131 गांवों 12668 हितग्राहियों, मैंसदेही के 119 गांवों के 16906, मुलताई के 124 गांवों के 24512 और शाहपुर के 78 गांवों के 3167 हितग्राहियों की रजिस्ट्री होना है। पटवारियों का कहना है कि सर्वर साथ दे तो एक दिन में 50 के आसपास रजिस्ट्री हो सकती है, लेकिन सर्वर की परेशानी के चलते इस कार्य की रफ्तार धीमी बनी हुई है।

आधार और समग्र आईडी में नाम मिसमैच

सर्वर के अलावा रजिस्ट्री करने में नाम मैच नहीं हो पाने की समस्या भी आ रही है। कुछ हितग्राहियों के आधार और समग्र आईडी में नाम एक समान नहीं है। इसके चलते उनकी भी रजिस्ट्री नहीं हो रही है। एक यह कारण भी है कि रजिस्ट्री का कार्य प्रभावित हो रहा है। हालांकि अभी सबसे बड़ी समस्या सर्वर की बनी है। इससे जहां रजिस्ट्री तेजी से नहीं हो पा रही है, वहीं दूसरी ओर इस कार्य पर पूरा ध्यान दिए जाने से पटवारी दूसरा कोई काम भी नहीं कर पा रहे हैं। इसके चलते पटवारी यह मांग भी कर रहे हैं कि सर्वर में सुधार किया जाएं ताकि वे तेजी से इस कार्य को पूरा कर सके। उसके बाद अन्य कार्य भी निपटाने हैं।

सरदार वल्लभ भाई पटेल जयंती के अवसर

कुर्मी समाज की महिलाओं ने रोपे तुलसी के पौधे



बैतूल। किसी भी देश का आधार उसकी एकता और अखंडता में निहित होता है। लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल जिन्हें इस देश की एकता का सूत्रधार कहा जाता है। सरदार पटेल की जयंती पर कुर्मी क्षत्रिय समाज टिकारी महिला मंडल द्वारा शुक्रवार को आयुर्वेदिक अस्पताल, टिकारी में तुलसी के पौधों का रोपण किया गया। इस मौके पर कुर्मी समाज महिला प्रकोष्ठ की अध्यक्ष लता वर्मा ने कहा कि सरदार पटेल को ही भारत के भौगोलिक और राजनीतिक एकीकरण का श्रेय दिया जाता है। वह एक मजबूत, अडिग और दृढ़ संकल्पित व्यक्तित्व के धनी थे।

पौधारोपण कार्यक्रम में समाज की महिलाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और पौधे लगाकर पर्यावरण संरक्षण एवं औषधीय पौधों के महत्व का संदेश दिया। अरूणा वर्मा एवं माधुरी वर्मा ने कहा कि तुलसी का भारतीय संस्कृति और आयुर्वेद में विशेष महत्व है। उन्होंने सभी महिलाओं से आग्रह किया की कि वे अपने घरों में तुलसी सहित अन्य औषधीय पौधे लगाएं तथा पर्यावरण संरक्षण में अपना योगदान दें। पौधों की नियमित देखभाल कर हरियाली बढ़ाने में सहयोग करें। इस अवसर पर समाज की महिलाएं बड़ी संख्या में मौजूद थी।

लोकतंत्र बचाओ- अराजकता हटाओ को लेकर आउटरीच कार्यक्रम संपन्न

देश को सही दिशा देने में सोशल मीडिया की भूमिका महत्वपूर्ण है: दुर्गादास उइके



हरिभूमि न्यूज ⏭ बैतूल

भारतीय जनता पार्टी जिला भाजपा कार्यालय विजय भवन में गुरूवार को लोकतंत्र बचाओं- अराजकता हटाओं अभियान के तहत सोशल मीडिया इन्फ्ल्युएन्सर्स का आउटरीच कार्यक्रम संपन्न हुआ। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए केन्द्रीय राज्यमंत्री दुर्गादास उइके ने कहा कि आज के समय में जब देश में अराजक शक्तियां भारत की प्रगति को अवरूद्व करने का प्रयास कर रही हैं तब देश की 65 प्रतिशत युवा आबादी ही ऐसे तत्वों का सकारात्मकता के साथ जवाब देते हुए विकसित भारत 2047 के संकल्प को साकार करेगीं। श्री उइके ने कहा कि वर्तमान समय में देश को सही दिशा देने एवं लोकतंत्र को मजबूत बनाने में सोशल मीडिया की भूमिका महत्वपूर्ण है। राष्ट्र, धर्म और संस्कृति के पुर्नउत्थान की जवाबदेही हमेशा से ही युवाओं के कन्धो पर रही है।

हमारा राष्ट्र दुनिया का सबसे युवा राष्ट्र हैं। आज इस सभागार में उपस्थित हर युवा देश को परमवैभव पर पहुंचाने के लिए उत्साहित और संकल्पित नजर आता है। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मध्यप्रदेश भाजपा प्रवक्ता एवं आमला विधायक डा.योगेश पंडाग्रे ने कहा कि देश की अराजक ताकतें रीजिम चेंज से अपना सपना पूरा करने का सपना देख रही है। लेकिन उनका यह सपना पूरा नही होगा। हमारे देश में जनता का शासन है संविधान को सबसे उपर रखा जाता है। जनता के आर्शीवाद से लोकतंत्र में सेवा का सौभाग्य प्राप्त होता है। झूठ बोलकर उपद्रव मचाकर सरकार नही बनती। श्री पंडाग्रे ने कहा कि भाजपा ने लोगो का दिल जीतकर समाज में अपनी जनकल्याणकारी योजनाओं से सकारात्मक परिवर्तन कर जनता के बीच में विश्वास बनाया है। वहीं विपक्ष के राजनैतिक दल अपनी पूरानी आदतो के अनुसार झूठ बोलकर ही समाज को बांटने का काम कर रहे हैं ऐसे में आप जैसे युवाओं को देश के प्रति अपनी जिम्मदारी समझकर समाज को सकारात्मक संदेशो से जोडने की जरूरत है। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए भाजपा जिलाध्यक्ष सुधाकर पवार ने कहा कि सोशल मीडिया के बढते प्रभाव के दौरान हमें बी पॉजेटिव की सोच के साथ सतत प्रयास करने की जरूरत है। समाज में नकारात्मक प्रभाव को बढाने का काम जब विपक्ष के अराजकवादी तत्व कर रहे है।

तब युवाओं को समाज में प्रोत्साहित करने के लिए बी पॉजेटिव सोच के साथ कार्य करने की आवश्यकता है। श्री पवार ने कहा कि लोकतांत्रिक मूल्यो, संवैधानिक मर्यादाओं एवं सामाजिक जिम्मेदारी को पूर्ण करते हुए अपनी बात सोशल मीडिया पर पुख्ता तथ्यों के साथ प्रकाशित करनी चाहिए। इस अवसर पर जिले भर से आमंत्रित सोशल मीडिया इंफल्युऐंसर्स, कंटेट क्रियेटरर्स को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन महिला मोर्चा सोशल मीडिया की पूर्व संयोजिका माधुरी साबले ने किया वहीं अंत में आभार किसान मोर्चा मीडिया प्रभारी प्रमेंश राजपुत ने व्यक्त किया। इस अवसर पर जिला महामंत्री कमलेश सिंह, कृष्णा गायकी, जिला उपाध्यक्ष इंद्रपाल पुण्डे, मंडल अध्यक्ष विकास मिश्रा, नीतू पटेल, अमित पवार, सोशल मीडिया जिला संयोजक संजू लिखितकर, जिला मीडिया प्रभारी सूर्यदीप त्रिवेदी विशेष रूप से मौजूद रहे।

छलनी से निहारा जीवनसाथी का चेहरा

चांद के दीदार के साथ मांगी सुहाग की सलामती



हरिभूमि न्यूज ⏭ भौंरा

पति-पत्नी के अटूट प्रेम, विश्वास और समर्पण का प्रतीक करवा चौथ का पर्व नगर में श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया गया। सुहाग की लंबी उम्र और परिवार की सुख-समृद्धि की कामना को लेकर महिलाओं ने दिनभर निर्जला व्रत रखा। पारंपरिक परिधानों और सोलह श्रृंगार में सजी महिलाओं ने पूरे विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर करवा चौथ की परंपराओं का निर्वहन किया। इस अवसर पर नगर के माता मोहल्ला स्थित शंकर मंदिर में महिलाओं ने सामूहिक रूप से पूजा-अर्चना की। महिलाओं ने भगवान की आराधना कर अपने पति की दीर्घायु, अच्छे स्वास्थ्य और सुखी वैवाहिक जीवन की कामना की। मंदिर परिसर में सामूहिक पूजा के दौरान धार्मिक माहौल देखने को मिला। महिलाओं ने एक-दूसरे के साथ करवा चौथ की पूजा की परंपराएं निभाईं और पर्व की खुशियां साझा कीं। दिनभर निर्जला व्रत रखने के बाद महिलाओं को शाम से ही चांद निकलने का इंतजार रहा। जैसे ही आसमान में चंद्रमा के दर्शन हुए, महिलाओं ने पूजा की थाली सजाकर चंद्रदेव को अर्घ्य दिया।

जमीन में गाड़कर छिपा कर रखा था महुआ लाहन

30 लीटर हाथभट्टी शराब सहित 2.16 लाख रुपए का लाहन जब्त, आठ प्रकरण दर्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैतूल

अवैध शराब के कारोबारियों ने आबकारी विभाग की नजरों से बचने के लिए शराब बनाने का नया तरीका अपनाया था। नदी किनारे महुआ लाहन को जमीन के अंदर गड्ढों में गाडक़र रखा गया था, ताकी किसी को दिखाई ना दे, यहां उससे हाथभट्टी शराब तैयार की जा रही थी। आबकारी विभाग की संयुक्त टीम ने दबिश देकर अलग अलग जगहों पर छिपाए गए 2120 किलोग्राम महुआ लाहन को बाहर निकाला।

कार्रवाई में 30 लीटर हाथभट्टी शराब भी जब्त की गई है। जब्त सामग्री की अनुमानित कीमत 2 लाख 16 हजार 500 रुपए बताई गई है। कलेक्टर डॉ. सौरभ सोनवाने के आदेश और जिला आबकारी अधिकारी डॉ. अंशुमान सिंह चढ़ार के निर्देश पर सहायक जिला आबकारी अधिकारी लीला सिंह मुकाती के नेतृत्व में वृत्त मुलताई और आमला की संयुक्त टीम ने दबिश दी। इस दौरान बोरगांव, बामनवाड़ा, मदनीबारसी, केहलपुर और टांडी में कार्रवाई की गई। पांच गांवों में चलाए गए अभियान के दौरान अवैध शराब निर्माण और भंडारण के मामले सामने आए।



जमीन खोदकर निकाला हजारों किलो महुआ लाहन- कार्रवाई के दौरान अवैध शराब बनाने वालों ने महुआ लाहन को जमीन के अंदर गाडक़र छिपा रखा था। एक जगह टीम ने गड्ढों की तलाशी लेकर लाहन बाहर निकलवाया और जब्ती की कार्रवाई की। सभी जगहों पर मौके से कुल 2120 किलोग्राम महुआ लाहन और 30 लीटर हाथभट्टी शराब बरामद हुई। इस तरह अवैध शराब निर्माण के लिए तैयार की जा रही बड़ी मात्रा में सामग्री नष्ट करने और जब्त करने की कार्रवाई की गई।

आबकारी अधिनियम के तहत आठ प्रकरण दर्ज- पूरे अभियान में मध्यप्रदेश आबकारी अधिनियम 1915 की धारा 34(1) के तहत कुल आठ आपराधिक प्रकरण दर्ज किए गए हैं। कार्रवाई में मुलताई वृत्त की प्रभारी आबकारी उपनिरीक्षक पूजा मालवीय, आमला वृत्त की प्रभारी आबकारी उपनिरीक्षक जुथिका वर्मा, आबकारी उपनिरीक्षक पंकज लोखंडे सहित आबकारी विभाग के मुख्य आरक्षक, आरक्षक, थाना बोरदेही के पुलिस आरक्षक और होमगार्ड जवान शामिल रहे। आबकारी विभाग ने स्पष्ट किया है कि अवैध शराब के निर्माण, भंडारण और बिक्री के खिलाफ इस तरह की दबिश और कार्रवाई आगे भी लगातार जारी रहेगी।

18 से 25 वर्ष के युवा लेंगे हिस्सा

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैतूल

मेरा युवा भारत द्वारा विकसित भारत युवा संसद जिसकी थीम वन नेशन वन इलेक्शन 2027 के 8 वें संस्करण के तहत जिला स्तरीय प्रतियोगिता का आयोजन 3 नवंबर को किया जा रहा है। यह कार्यक्रम जेएच कॉलेज में सुबह 11 बजे से आयोजित होगा। इस संबंध में जिला युवा अधिकारी, मेरा युवा भारत सुषमा गवली बैतूल ने बताया कि इस कार्यक्रम का आयोजन मेरा युवा भारत, बैतूल, युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा किया जा रहा है।

कई मार्ग रहेंगे नो-व्हीकल जोन, बसों के लिए पार्किंग तय

मुख्यमंत्री का आज बैतूल दौरा, 5 जगहों से भारी वाहनों की नो-एंट्री

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैतूल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के आज 31 अक्टूबर बैतूल भ्रमण और पुलिस परेड ग्राउंड में आयोजित कार्यक्रम को देखते हुए यातायात पुलिस ने ट्रैफिक प्लान जारी किया है। इसके तहत दोपहर 12 बजे से शहर में पांच स्थानों से भारी वाहनों का प्रवेश प्रतिबंधित रहेगा। वहीं, मुख्यमंत्री के आवागमन और सुरक्षा व्यवस्था के मद्देनजर कुछ मार्गों को नो-व्हीकल जोन बनाया जाएगा। कार्यक्रम में शामिल होने के लिए अलग-अलग क्षेत्रों से आने वाली बसों के लिए भी पार्किंग स्थल निर्धारित किए गए हैं। 31 अक्टूबर को दोपहर 12 बजे से एलवी लॉन एवं कुंवर मैरिज लॉन (आठनेर रोड), बटरफ्लाई स्क्वायर, चिचोली चौराहा, भारत भारती और हमलापुर चौक से भारी वाहनों को बैतूल शहर में प्रवेश नहीं दिया जाएगा। भारी वाहन चालकों को वैकल्पिक मार्गों का उपयोग करना होगा। मुख्यमंत्री के भ्रमण के दौरान तीन मार्गों पर सामान्य वाहनों का आवागमन प्रतिबंधित रहेगा। पहला मार्ग बालाजी परम रोड स्थित हेलीपैड से तितली चौराहा, करबला, अंडरब्रिज, विजय भवन, मैकेनिक चौक और गुरुद्वारा रोड होते हुए पीडब्ल्यूडी चौक तक, दूसरा मार्ग कारगिल चौक से मैकेनिक चौक तक और तीसरा मार्ग मैकेनिक चौक से करबला होते हुए तितली चौराहा तक रहेगा। इन मार्गों पर निर्धारित अवधि में सामान्य वाहन नहीं चल सकेंगे। मैकेनिक चौक से आने-जाने वाले यातायात को जरूरत के अनुसार क्वालिटी चौक होते हुए कारगिल चौक की ओर डायवर्ट किया जाएगा। यातायात की स्थिति के अनुसार पुलिस अन्य बदलाव भी कर सकती है।



बसों के लिए पार्किंग स्थल तय

मुख्यमंत्री के कार्यक्रम में शामिल होने के लिए विभिन्न क्षेत्रों से आने वाली बसों के लिए अलग-अलग पार्किंग स्थल तय किए गए हैं। भोरा, शाहपुर, रानीपुर और सारनीः भारत भारती एवं रानीपुर रोड से होते हुए न्यू बैतूल ग्राउंड पहुंचकर निर्धारित पार्किंग में बसें खड़ी होंगी। मुलताई, मैंसदेही और आमला से आने वाली बसे स्टेडियम पार्किंग एवं उत्कृष्ट विद्यालय परिसर में पार्क की जाएंगी। हमलापुर और बडोरा से आने वाली बसे स्टेडियम पार्किंग एवं उत्कृष्ट विद्यालय परिसर में पार्किंग रहेगी। भीमपुर और चिचोली की ओर से आने वाली बसे भारत भारती होते हुए जेएच कॉलेज पहुंचकर निर्धारित स्थल पर खड़ी होंगी। छिंदवाड़ा और पांढुर्णा की बसे बडोरा मार्ग से जेएच कॉलेज एवं न्यू बैतूल ग्राउंड में पार्किंग रहेगी। नर्मदापुरम से आने वाले बसे भारत भारती होते हुए न्यू बैतूल ग्राउंड में बसें पार्क की जाएंगी।

खबर संक्षेप

सिंगारे हुए सेवा निवृत्त दी बधाई

पिपरिया। नहर उपसंभाग कार्यालय



नहर माछाविवरणमे लगातार 39 वर्ष की सेवा स्थाई कर्मी माली के पद पर कार्यरत रहे गोविन्द सिंह सिंगारे का 30 अक्टूबर 26को सेवा निवृत्त होकर विभाग के अधिकारी कर्मचारी वर्ग उपस्थित रहे। सभी के द्वारा स्वागत सम्मानित किया गया। सभी लोगों ने शुभकामनाएं बधाई दी गई।

पति की लंबी आयु के लिए पत्नि ने किया व्रत



पिपरिया। जनपद पंचायत क्षेत्र सहित नगर पालिका परिषद क्षेत्र में लगातार प्रतिवर्ष की तरह इस वर्ष भी महिलाओं के द्वारा करवा चौथ व्रत किया गया।पति की लंबी आयु के लिए सुख समृद्धि अखंड सौभाग्य लिए मनाया जाता है। इसके लिए दो कथाएं प्रचलित हैं। महाभारत की कथा के अनुसार पांडवों पर संकट आया था।तो द्रोपदी ने भगवान क्रषण से कहा गया था। जैसे माता पार्वती ने भगवान शिव के लिए कठोर व्रत किया गया था।तब पांडवोंने भि इसी व्रत सती सावित्री सत्यवान के प्राण यमराज से लेकर आई थी। तभी से बहुत सी स्त्रियां ही व्रत करती है शाम को भगवान शिव गणेश माता पार्वती शिव की पूजा अर्चना करती है।रात को चांद देखकर अर्ध्य देकर चांद निकलने पर छलनी से चांद और फिर पति को देखकर ही पानी पीकर ही व्रत खोलती है।

मुख्यमंत्री जन विश्वास शिविर संपन्न, 60 हितग्राही हुए लाभान्वित

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर



सोहागपुर शहर क्षेत्र का मुख्यमंत्री जन विश्वास शिविर शुक्रवार को नए बस स्टैंड में किया गया। जिसमें सांसद दर्शन सिंह चौधरी उपस्थित हुए। शिविर में हितग्राहियों को हितलाभ दिए गए हैं।

सोहागपुर एसडीएम डॉ. बबीता राठौर ने बताया कि शिविर में विभागीय काउंटर लगाकर आमजनों को सरकार की जनहितकारी योजनाओं की जानकारी दी गई। शिविर में सांसद दर्शन सिंह चौधरी ने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में मप्र विकास कर रहा है। उन्होंने कहा कि सोहागपुर विधायक विजयपाल सिंह 'सबका साथ-सबका विकास' अवधारणा पर कार्य करते हुए विकास कार्यों में अग्रणी हैं। इस दौरान अतिथि रूप में जपं अध्यक्ष जालम सिंह पटेल, उपाध्यक्ष राघवेंद्र रघुवंशी, नपाध्यक्ष लता यशवंत पटेल, उपाध्यक्ष आकाश रघुवंशी, भाजपा मंडल अध्यक्ष अश्विनी सरोज, प्रतिनिधि विजय नन्नू छाबड़िया एवं अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित थे।

किया हितलाभ वितरण

जानकारी अनुसार शिविर में सभी विभागों के नगर क्षेत्र के हितग्राहियों को हित लाभ वितरित किए गए। इस दौरान शासकीय कन्या शाला सोहागपुर में अध्यनरत रही छात्रा महक पटेल को कक्षा 12 वीं में 90 प्रतिशत अंक प्राप्त करने पर स्कूटी दी गई। साथ ही एनयूएलएम द्वारा तीन समूहों को लोन पत्रक दिए गए। शिविर में स्वास्थ्य विभाग के पांच, महिला बाल विकास के पांच, राजस्व विभाग से 10, खेल विभाग से पांच, कृषि विभाग के 10, नगर परिषद के 27 हितग्राही लाभान्वित हुए।

लायंस क्लब के सहयोग से शिवपुर में लगा शिविर



माखन नगर। ग्राम शिवपुर में लायंस क्लब के सहयोग से केनरा बैंक माखन नगर द्वारा बैंक का शिविर का आयोजन किया गया जिसमें ग्राम शिवपुर के आस पास के ग्राम वाशियो के बैंक से सम्बन्धित कार्य किए गए जैसे बचत खाता खुलवाये प्रधानमंत्री बीमा योजना के बारे में बताया गया किसान क्रेडिट कार्ड एवं बैंक की लाभकारी योजनाओं के बारे जानकारी दी इस अवसर पर ग्राम पंचायत सरपंच प्रतिनिधि राकेश मीणा ,केनरा बैंक के मैनेजर कपिल गौर धीरेन्द्र सिंह जी राजपूत केनरा बैंक, पटवारी राकेश चौरे ,सचिव अशोक गोस्वामी ,एवं आसपास के ग्राम के सभी गणमान्य नागरिक हितग्राही उपस्थित रह। कार्यक्रम में लायंस क्लब अध्यक्ष ला राजेश मीणा , कोषाध्यक्ष ला आनंद सिंग राठौड़, ला सुनील राजपुत सहित सभी का सहयोग रहा।

सोहागपुर बाजार के सुधार के लिए व्यापारी संघ की पहल, सौंपे अधिकारियों को आवेदन

बाजार के बिगड़े हालात सुधारने सुझाव दिए, दीपावली पूर्व सुधार की रखी मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर

शहर का बाजार अव्यवस्थित है। जिसके सुधार के लिए सोहागपुर व्यापारी संघ ने पहल की। एवं शुक्रवार को अधिकारियों को आठ सूत्रीय मांगों के आवेदन दिए। सभी व्यापारी शुक्रवार दोपहर काली मंदिर से पैदल नया बस स्टैंड पहुंचे और एसडीएम को आवेदन सौंपा। नप सीएमओ तथा थाना प्रभारी के नाम भी आवेदन देने की जानकारी व्यापारियों ने दी है। इस दौरान वरिष्ठ व्यापारी माधव भावसार, महेश साहू, अभिषेक जैन, चौधरी गजेंद्र सिंह, सुरेंद्र चौधरी, मनोज अग्रवाल, नीलेश खंडेलवाल, विजय नन्नू छाबड़िया, प्रशांत सोनी, शरद चौरसिया, प्रशांत मालवीय, आकाश चौरसिया, सौरभ सोनी, संदीप वर्मा, ऋषभ दीक्षित, दीपक साहू, अनिल साहू, आशीष जैन, नितिन चौरसिया, कमलेश प्रजापति, विक्रम चौरसिया, आशीष मालवीय, राजेश जैन, दीपक चंदानी, आशीष दुबे, विक्की जैन, गोलू अग्रवाल, अर्पित मंगलानी सहित सैकड़ाभर व्यापारी उपस्थित थे।

दी बाजार बंद की चेतावनी

व्यापारियों ने अधिकारियों को चेतावनी दी कि दो दिन में व्यवस्था सुधार करें। अन्यथा व्यापारी बाजार बंद करेंगे एवं दुकानों की चाबियां एसडीएम कार्यालय में जमा की जाएंगी। अतः मांग अनुरूप बाजार का उचित व्यवस्थापन प्रशासन करे। एसडीएम डॉ. बबीता राठौर व एसडीओपी अरविंद शाह ने व्यापारियों को समस्या समाधान का आश्वासन दिया है। इधर शुक्रवार शाम एसडीएम डॉ. बबीता राठौर ने बाजार क्षेत्र का भ्रमणकर व्यापारियों को दुकानों का अतिक्रमण हटाने के लिए एक दिन का समय दिया तथा सुधार की समझाइश दी है। लेकिन बाजार सुधार को लेकर ना तो व्यापारियों से सुझाव लिए, ना कोई निर्देश दिए। नागरिकों का कहना है कि प्रशासन महज खानापूर्ति करता नजर आ रहा है। इस दौरान एसडीओपी अरविंद शाह भी उपस्थित थे।

नागरिकों ने आवेदनों के माध्यम से प्रशासन के सामने रखी ये मांगें



- बाजार में प्रवेश के लिए श्रीराम चौक-बिहारी चौक रोड तथा बाहर जाने के लिए बिहारी चौक-कन्या शाला-एसडीओपी कार्यालय रोड वन वे किए जाएं।
- गांधी चौक में रामलीला मंच के सामने का क्षेत्र पार्किंग स्थल बनाया जाए।
- अनलोडिंग वाहनों की बाजार में एंट्री सुबह 11 बजे से रात 8 बजे तक प्रतिबंधित हो।
- हाट बाजार दिवस पर रानी लक्ष्मी बाई मंच पर आयोजन ना हों।
- पुराने अस्पताल के समीप का मैदान आटो स्टैंड बनाएं।
- गलियों एवं स्टेट हाईवे किनारे का अस्थाई बाजार व्यवस्थित हो।
- फुटकर दुकानों के बीच पांच फीट का अंतर हो, ताकि स्थाई दुकानों के रास्ते खुले रहें।
- पलकमति नदी किनारे बने मुर्गी बाजार टीनशेड में चाट दुकानें पहुंचाएं। इससे बाजार सुधारेगा एवं चाटवालों को भी लाभ होगा।
- गांधी चौक टीनशेड में फुटकर दुकानों के स्थव आवंटन थे, जहां दुकानें नियम विरुद्ध स्थाई की जा रही हैं। अतः आवंटन पत्र जांचें। सूचना है कि आवंटित दुकानें नियम विरुद्ध बेची गई हैं।



बायसन के हमले से आर्मी जवान की मौत, भय व्याप्त



हरिभूमि न्यूज ⏭ पचमढ़ी

एईसी ट्रेनिंग कोर के एक जवान की बाइसन (गौर) के हमले से मौत हो गई। बताया जा रहा है कि जवान आकाश चौहान उम्र 26 से 30 वर्ष निवासी उत्तराखंड आर्मी फुटबॉल ग्राउंड पर थे की अचानक बाइसन ने उन पर हमला कर दिया, बाइसन का सींग पेट घुस जाने से खून का फब्बारा निकल गया अधिक खून बह जाने से आकाश चौहान की जान चली गई। इस दर्दनाक घटना के बाद पचमढ़ी नगर में भय का माहौल बन गया है। 28 अक्टूबर को रात के लगभग 2:30 बजे का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ जिसमें होटल खालसा के बाजू में पुल पर बाइसनो के झुंड को देखा गया। जो आर्मी के मेन गेट से मात्र 100 मीटर की दूरी पर है। बाइसनो के साथ में उनके बच्चे भी थे ऐसी स्थिति में ये बहुत ज्यादा खतरनाक हो सकता है। वन विभाग द्वारा जब से वन क्षेत्र की सीमा में फैंसिंग लगाई गई है। तब से जंगली जानवरों का मूवमेंट बस्ती (रिहायशी) की तरफ कुछ ज्यादा ही बढ़ गया है

जानवर एक बार वन क्षेत्र के फैंसिंग एरिया से बाहर आने के बाद वापस जंगल नहीं पहुंच पाने के कारण बस्ती के रिहायशी इलाकों में आ रहे है ओर ये जंगली जानवरों का झुंड रात में ही बस्ती में दिखाई देते है। जो भविष्य में स्थानीय लोगो के लिए भी खतरा बन सकता हैं क्योंकि छावनी क्षेत्र में सफाई कर्मचारी सुबह 4 से 5 बजे के बीच सड़को पर झाड़ लगाते हैं साथ ही स्थानीय लोग घूमने भी जाते हैं।

वन विभाग द्वारा जंगल को सुरक्षित करने की मंसा ने जंगली जीवों के लिए एक जाली की सीमा खींच दी है। जो जानवर एक बार जाली की फैंसिंग से बाहर चला गया उसे अपने प्राकृतिक आवास में पहुंचने के लिए बहुत जद्दोजहद करनी पड़ रही है। जिसका दुष्परिणाम एक जवान को अपनी जिंदगी देकर चुकानी पड़ी।

महाविद्यालय में किया राष्ट्रीय सेवा योजना अंतर्गत कार्यक्रम



हरिभूमि न्यूज ⏭ माखननगर

माखन नगर श्री माखनलाल चतुर्वेदी शासकीय महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई 01 एवं इकाई 02 द्वारा अभिमुखीकरण कार्यक्रम प्राचार्य डॉ. नीता चौबे के निर्देशन आयोजित किया गया। मुख्य वक्ता के रूप में रासेयो पूर्व जिला संगठक डॉ. डी.एस.खत्री आमंत्रित थे उन्होंने पूर्व स्वयं सेवकों तथा नवीन पंजीकृत स्वयं सेवकों को संबोधित करते हुए राष्ट्रीय सेवा योजना की संपूर्ण जानकारी प्रदान की।इस अवसर पर डॉ.मनीष शर्मा, डॉ.राजकुमार पटवा,श्रुतिका कांसकार,शिवानी मालवीय के साथ बड़ी संख्या में स्वयं सेवक उपस्थित रहे संचालन डॉ.धर्मेंद्र सिंह चौहान,कार्यक्रम अधिकारी रासेयो ने किया आभार डॉ.कविता दुबे कार्यक्रम अधिकारी रासेयो द्वारा किया गया।

किसान सम्मान निधि समारोह आयोजित कर 24 वीं किश्त का किया गया वितरण

हरिभूमि न्यूज ⏭ पिपरिया



केंद्र सरकार के द्वारा किसानों के खाते में किसान सम्मान निधि की 24 वीं किस्त किसानों के खाते में जमा कराई गई। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के द्वारा 2000 रुपए एक किसान के खाते में एक क्लिक से जमा कराई गई। कार्यक्रम आयोजित क्रषि उपज मंडी परिसर में आयोजित किया गया। इस दौरान क्रषि उपज मंडी सचिव चंद्र शिवराम उईके लेखापाल संजय रैकवार सहित अन्य सभी अधिकारियों कर्मचारियों की तथा किसानों की उपस्थिति में कार्यक्रम आयोजित किया गया। तथा प्रधानमंत्री के कार्यक्रम का लाइव प्रसारण दिखाया गया था। दीवाली से पहले देश के करोड़ों किसानों के लिए बड़ी सौगात दी गई। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गुजरात के बनासकांठा से किसान सम्मान निधि योजना की 24 वीं किस्त जारी कर दी गई। प्रत्येक पात्र किसानों के खाते में जमा कराई गई। केंद्र सरकार की इस योजना के अंतर्गत किसानों को हर साल 6000 रुपए की आर्थिक सहायता की जाती है।

याद रहे कि क्रषि उपज मंडी परिसर में सचिव चंद्र शिवराम उईके के द्वारा अभी तक किसानों से तुलाई केनाम पर जो झाड़न मांगते थे।या जबरजस्ती झाड़न मांगते थे।तो किसानों के हित को ध्यान में रखते हुए। सचिव के द्वारा प्रतिदिन माईक से तुलाई केनाम पर हम्माल मजदूर तुलावटी झाडनलेते थे। जिसके कारण मंडी में अनेकों बार झगड़ पड़ते हैं। किसान इस समस्या का समाधान करते हुए। झड़ाई पर प्रतिबंध लगा दिया और किसानों से अपील करते हुए कहा कि यदि कोई झडाईमांगते हैं तो तत्काल प्रभाव से मंडी सचिव चंद्र शिवराम उईके ने प्रतिबंध लगा दिया गया है।

रूपेंद्र कुमार 'मन्नू' साहू को मिला जिले में नवीन दायित्व



हरिभूमि न्यूज ⏭ पचमढ़ी

भारतीय जनता युवा मोर्चा, जिला नर्मदापुरम में जिला महामंत्री के महत्वपूर्ण दायित्व पर रूपेंद्र कुमार साहू की नियुक्ति से भाजपा एवं युवा मोर्चा में खुशी की लहर दौड़ गई। बीती शाम भाजपा संगठन द्वारा कई जिलों के युवा मोर्चा जिला अध्यक्षों एवं जिला महामंत्रीयो की सूची सोशल मीडिया पर आते ही पचमढ़ी के रूपेंद्र साहू को युवा मोर्चा महामंत्री नियुक्त किये जाने पर पचमढ़ी युवा मोर्चा के कार्यकर्ताओं की खुशी का ठिकाना न रहा एक छोटे से क्षेत्र से जिले में अपनी पहचाने बनाने वाले रूपेन्द्र साहू ने अपने संगठनात्मक जीवन की शुरुआत अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के सामान्य जमीनी कार्यकर्ता के रूप में की। पचमढ़ी नगर के युवा मोर्चा कार्यकर्ताओ ने कहा कि हमें पूर्ण विश्वास है कि रूपेन्द्र अपने अनुभव और ऊर्जा से जिले में युवा मोर्चा को नई मजबूती प्रदान करेंगे।

भारतीय मजदूर संघ यूनियन ने किया प्रदर्शन

देवास। एसपीएमसीआईएल ईपीएफ ट्रस्ट चुनाव की वर्तमान व्यवस्था में सुधार, सभी इकाइयों को न्यायपूर्ण प्रतिनिधित्व देने तथा चुनाव प्रक्रिया में पारदर्शिता सुनिश्चित करने की मांग को लेकर भारतीय मजदूर संघ द्वारा गुरुवार शाम बैंक नोट प्रेस, देवास के कारखाना गेट पर उच्च प्रबंधन निगम मुख्यालय नई दिल्ली के विरुद्ध नारेबाजी एवं विरोध प्रदर्शन किया। भारतीय मजदूर संघ का कहना है, कि ईपीएफ ट्रस्ट में प्रतिनिधित्व की व्यवस्था ऐसी होनी चाहिए, जिसमें सभी इकाईयों के कर्मचारियों के हितों का उचित ध्यान रखा जाए। ट्रस्ट की छह सीटों के आवंटन के लिए पारदर्शी एवं न्यायसंगत मानदंड निर्धारित किए जाने चाहिए, ताकि बड़ी इकाइयों के साथ-साथ छोटी इकाइयों के कर्मचारियों को भी प्रभावी प्रतिनिधित्व का उचित अवसर मिल सके।

इश्तहार

आम जनता को सूचित किया जाता है। कि गौरव व्यास S/o प्रेमनारायण व्यास म.न. 229 सरदार वार्ड 11 तह सोहागपुर जिला नर्मदापुरम म.प्र. वालों ने पद्या पंथकी पति रूसी पंथकी निवासी वार्ड नं 12 नियर वक्त साइडिंग जमाई छिंदीकामथ छिंदवाड़ा म.प्र. वालों से भूमि खसरा न. 379/2/6/1 रकबा 0.1162 हेक्टेयर कृषि भूमि स्थित सोहागपुर प.ह.न. 19 तह. सोहागपुर जिला नर्मदापुरम म.प्र.स्थित भूमि हमेशा हमेशा के वास्ते खरीदने का सौदा अनुबंध पत्र 17,50,000/- रुपये से तय किया है। जिसके ब्याने पैसे 15,00,000/- रुपय दे दिये है। शेष राशि रजिस्ट्री के समय देने का तय है। जिसके उत्तर में राजेन्द्र कुमार राकसिया का रकबा, दक्षिण में दिलीप सिंह का रकबा लगा है। पूर्व में शासकीय नाला लगा है। पश्चिम में ग्राम जिर्रन का मेंडा लगा है। इसका अनुबंध पत्र दिनांक 29/10/2026 को उप पंजीयक कार्यालय में किया गया है जिसकी विक्रय पत्र की रजिस्टी शीघ्र ही होना है। उपरोक्त भूमि के संबंध में स्वत्व अधिकार के संबंध में आपकी अगर किसी व्यक्ति को हो तो 7 दिन के अन्दर निम्न पते पर भेज सकते है। गौरव व्यास S/o प्रेमनारायण व्यास म.न. 229 सरदार वार्ड 11 तह सोहागपुर जिला नर्मदापुरम म.प्र.

भवदीय प्रतीक तिवारी अधिवक्ता
सोहागपुर, मो.नं. 8982217128

विद्यार्थियों को किया गया जागरुक

सीहोर। युवाओं को तंबाकू एवं अन्य नशीले पदार्थों के दुष्प्रभावों से बचाने के उद्देश्य से तंबाकू मुक्त युवा अभियान के तहत जागरूकता गतिविधियां आयोजित की जा रही हैं। कलेक्टर बालागुरू के. की अध्यक्षता एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. सुधीर कुमार डेहरिया के निर्देशानुसार आईईएस स्कूल में विशेष जागरूकता सत्र आयोजित किया गया। जिला तंबाकू नोडल अधिकारी डॉ. नेहा सिंह एवं डेंटल सर्जन डॉ. निकहत साहिबा ने विद्यार्थियों को तंबाकू उत्पादों के सेवन से होने वाले स्वास्थ्य संबंधी नुकसान की जानकारी दी। साथ ही ई-सिगरेट और वेपिंग के दुष्प्रभावों के बारे में बताते हुए इनके सेवन से दूर रहने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम के अंत में विद्यार्थियों को तंबाकू एवं ई-सिगरेट से दूर रहने की शपथ दिलाई गई। साथ ही विद्यालयों में एंटी-टोबैको क्लब को सक्रिय कर जागरूकता गतिविधियां निरंतर संचालित करने पर जोर दिया गया।

कक्षा में कैसे पढ़ाएं शिक्षक विषयों का दिया गया प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर



प्रदेश के शासकीय स्कूलों में शिक्षकों को कैसे विषय विशेष पढ़ाना है, ताकि छात्र केंद्रित शिक्षण से प्रभावी परिणाम मिलें। इसका प्रशिक्षण लगातार जारी है। शहर में बीआरसी कायालय म यह प्राशक्षण जारा ह। साहागपुर बीआरसा राकेश रघुवंशी ने बताया कि वर्तमान में शासकीय मिडिल स्कूल की कक्षा सात के सामाजिक विज्ञान विषय के शिक्षण का प्रशिक्षण जारी है। जिसमें दिवस अनुसार शिक्षकों के बैच बनाकर उन्हें सामाजिक विज्ञान विषय के कक्षा में अध्यापन के तरीकों की जानकारी दी जा रही है। रघुवंशी ने बताया कि मास्टर ट्रेनर अभय ठाकुर द्वारा कक्षा सातवीं में सामाजिक विज्ञान विषय के शिक्षण का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। जिसमें ब्लॉक के शासकीय मिडिल स्कूलों के 23 प्रशिक्षु शिक्षक उपस्थित हुए हैं। उन्होंने बताया कि विषयवार प्रशिक्षण की प्रक्रिया वर्षभर सतत रूप से जारी रहती है। जिसके प्रभावी परिणाम भी मिल रहे हैं।

कुबेरेश्वरधाम में दीपावली पर जगमगाएंगे हजारों दीप

अभिषेक के बाद होगा खजाना पूजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



जिला मुख्यालय के समीपस्थ कुबेरेश्वरधाम में दीपावली का पर्व इस वर्ष भी आस्था, भक्ति और उत्साह के साथ मनाया जाएगा। दीपोत्सव के अवसर पर मंदिर परिसर हजारों दीपों की रोशनी से जगमगाएगा। वहीं, आगामी 8 नवंबर को बाबा कुबेर भंडारी का अभिषेक-पूजन और खजाना पूजन सहित विभिन्न धार्मिक अनुष्ठान आयोजित किए जाएंगे। पर्व को लेकर अंतरराष्ट्रीय कथावाचक पंडित प्रदीप मिश्रा के मार्गदर्शन में विठलेश सेवा समिति और श्रद्धालुओं द्वारा तैयारियां की जा रही हैं। दीपावली के मद्देनजर मंदिर परिसर को आकर्षक रंग-बिरंगी रोशनी से सजाया जाएगा।

दीप पर्व के दौरान बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के पहुंचने की संभावना को देखते हुए व्यवस्थाएं की जा रही हैं। मिट्टी की कला और पारंपरिक दीपों को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से प्रतिवर्ष पंडित प्रदीप मिश्रा के मार्गदर्शन में हजारों श्रद्धालु धाम पहुंचकर दीप प्रज्वलित करते हैं। इस वर्ष भी दीपोत्सव को विशेष बनाने की तैयारियां चल रही हैं। कार्तिक मास में कुबेरेश्वरधाम में श्रद्धालुओं की आवाजाही बनी हुई है। मंदिर में दर्शन-पूजन के लिए प्रतिदिन बड़ी संख्या में भक्त पहुंच रहे हैं। विठलेश सेवा समिति की ओर से पंडित विनय मिश्रा, पंडित समीर शुक्ला सहित अन्य सदस्यों के सहयोग से श्रद्धालुओं को भोजन प्रसादी वितरित की जा रही है। दीपावली के साथ रूप चौदस, गोवर्धन पूजा और भाई-दूज सहित पांच दिवसीय दीप पर्व पर विशेष पूजा-पाठ और धार्मिक गतिविधियां होंगी।

विठलेश सेवा समिति के मीडिया प्रभारी मनोज दीक्षित मामा ने बताया कि दीपावली पर्व के अवसर पर आगामी दिनों में अन्नकूट महोत्सव का आयोजन भी किया जाएगा। अन्नकूट सनातन धर्म की महत्वपूर्ण परंपराओं में से एक है। इसे गोवर्धन पूजा से भी जोड़कर देखा जाता है। धार्मिक मान्यता के अनुसार, इस अवसर पर भगवान श्रीकृष्ण को 56 अथवा 108 प्रकार के पकवानों का भोग अर्पित किया जाता है। विभिन्न व्यंजनों से आकर्षक आकृतियां बनाकर भोग सजाया जाता है, जिसे अन्नकूट कहा जाता है।

खबर संक्षेप



खाद्य सुरक्षा विभाग ने दो प्रतिष्ठानों से लिए पदार्थों के सैंपल

हरदा। खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम द्वारा जिले में सघन जांच अभियान चलाया जा रहा है। खाद्य सुरक्षा अधिकारी राजेन्द्र कांबले ने बताया कि अभियान के तहत शुक्रवार को खाद्य सुरक्षा विभाग के दल ने राज भोजनालय, बस स्टैंड टिमरनी का निरीक्षण कर वहां बनी आलू की सब्जी का नमूना लिया। इसी प्रकार गोयल ट्रेडर्स मावा भंडार, बगिया होटल के पास हरदा से मावा का सैंपल लिया गया। दोनों सैंपल जांच हेतु राज्य खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला, भोपाल भेजे गए हैं।

जांच रिपोर्ट प्राप्त होने पर नियमानुसार कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। कार्रवाई के दौरान खाद्य सुरक्षा अधिकारी राजेन्द्र कांबले उपस्थित रहे। वहीं, पूर्व में लिए गए सैंपलों में असुरक्षित पाए जाने पर कान्हा भैरव शक्ति स्वीट, गुजर बोर्डिंग हरदा एवं मां चामुंडा रेस्टोरेंट, टिमरनी के विरुद्ध 2 प्रकरण सक्षम न्यायालय में पेश किए गए हैं।

सरदार पटेल की जयंती पर आज मनेगा राष्ट्रीय एकता दिवस

हरदा। भारत के लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती के अवसर पर शनिवार को राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में मनाया जाएगा। जिला प्रशासन द्वारा पुलिस बल तथा युवा कल्याण विभाग के माध्यम से एकता दौड़ (रन फॉर यूनिटी) का आयोजन किया जाएगा, जिसमें जनप्रतिनिधि, अधिकारी, पुलिस बल, खिलाड़ी, युवा, विद्यार्थी, स्वयंसेवी संस्थाएं तथा आम नागरिक शामिल होंगे।

यह दौड़ प्रातः 7.30 बजे हरदा के घंटा घर चौक से प्रारम्भ होकर नेहरू स्टेडियम हरदा में सम्पन्न होगी। साथ ही जिले के सभी शासकीय/अशासकीय कार्यालयों, महाविद्यालयों एवं शैक्षणिक संस्थाओं में राष्ट्रीय एकता की शपथ दिलाई जाएगी।

मुख्यमंत्री जन विश्वास अभियान के तहत ग्राम आमासेल में शिविर आयोजित

हितग्राहियों को मिले हितलाभ, आमजन की समस्याओं का किया गया निराकरण





हरिभूमि न्यूज ⏭ हरदा

मुख्यमंत्री जन विश्वास अभियान के तहत शुक्रवार को सोमगांव क्लस्टर के ग्राम आमासेल में क्लस्टर स्तरीय संवाद शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में विभिन्न योजनाओं के तहत हितग्राहियों को हितलाभ प्रदान किये गये। साथ ही आमजन की समस्याओं का निराकरण किया गया।

कार्यक्रम में जिला पंचायत के अध्यक्ष गजेन्द्र शाह, कलेक्टर कुमार सत्यम, जिला पंचायत उपाध्यक्ष दर्शन सिंह गेहलोत, जिला पंचायत सीईओ नरोत्तम भार्गव, जनपद अध्यक्ष खिरकिया रानू दशरथ पटेल, सरपंच सलिता बाई सहित अधिकारी कर्मचारी व जनप्रतिनिधि उपस्थित थे। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष गजेंद्र शाह ने कहा कि प्रदेश सरकार की मंशा है कि अंतिम पंक्ति के अंतिम व्यक्ति तक शासन की योजनाओं का लाभ पहुंचे और कोई भी पात्र हितग्राही वंचित न रहे। उन्होंने कहा कि जनविश्वास शिविर के माध्यम से प्रशासन स्वयं जनता के बीच पहुंचकर उनकी समस्याओं को सुन रहा है और मौके पर ही निराकरण कर रहा है, जिससे शासन और जनता के बीच विश्वास और अधिक मजबूत हो रहा है।

जिला पंचायत उपाध्यक्ष दर्शन सिंह गेहलोत ने कहा कि सभी ग्रामीण शिविर में लगाए गए विभिन्न विभागों के स्टॉलों पर जाकर शासकीय योजनाओं की विस्तृत जानकारी प्राप्त करें और अधिक से अधिक लाभ उठाएं।

उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि शिविर में प्राप्त आवेदनों का समय-सीमा में निराकरण कर हितग्राहियों को लाभान्वित किया जाए।जनपद अध्यक्ष श्रीमती रानू दशरथ पटेल ने अपने उद्बोधन में कहा कि मुख्यमंत्री जनविश्वास शिविर में सभी विभागों के अधिकारी आपके द्वार पर आकर आपकी समस्याओं का निराकरण करने आए हैं, आप सभी अपनी समस्याएं खुलकर बताएं।

किया हितलाभ वितरण

क्लस्टर स्तरीय जन विश्वास शिविर में विभिन्न विभागों द्वारा संचालित योजनाओं के हितलाभ का वितरण किया गया। इस दौरान स्वामित्व योजना के तहत 5 हितग्राहियों को उनकी आवासीय संपत्ति के अधिकार अभिलेख का वितरण किया गया। साथ ही पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग अंतर्गत ग्रामीण आजीविका मिशन द्वारा 6 स्वसहायता समूहों को बैंक लिंकेज के स्वीकृति पत्र प्रदान किये गये। शिविर में जनजातीय कार्य विभाग अंतर्गत भगवान बिरसा मुंडा स्वरोजगार योजना के तहत ऋण स्वीकृति पत्र प्रदान किये गये। शिविर में किसान कल्याण तथा कृषि विकास विभाग द्वारा संचालित राष्ट्रीय कृषि विकास योजना अंतर्गत प्रमाण-पत्र प्रदान किये गये। शिविर में उद्यानिकी विभाग अंतर्गत संचालित बागवानी यंत्रीकरण योजना अंतर्गत अनुदान राशि के स्वीकृति पत्र प्रदान किये गये। इस दौरान आमजन से उनकी समस्याओं के संबंध में 252 आवेदन प्राप्त हुए। संबंधित अधिकारियों को आवेदनों के समय सीमा में निराकरण के निर्देश दिये गये।

विद्यार्थियों को दिया कॅरियर मार्गदर्शन

सांदीपनि में विद्यार्थियों के बीच बैठे कलेक्टर, देखी अध्यापन व्यवस्था



हरिभूमि न्यूज ⏭ हरदा

कलेक्टर कुमार सत्यम ने जन विश्वास अभियान के तहत शुक्रवार को जिले के खिरकिया स्थित शासकीय सांदीपनी उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पहुँचकर वहां शैक्षणिक व्यवस्था का निरीक्षण किया। इस दौरान वे कक्षा 7 वीं की अंग्रेजी की कक्षा में विद्यार्थियों के बीच बैठे और शैक्षणिक व्यवस्था का अवलोकन किया। इस दौरान कलेक्टर ने शिक्षा विभाग के अधिकारियों से कहा कि स्कूलों में गुणात्मक शिक्षा पर जोर दिया जाए। साथ ही सांदीपनी स्कूल के शिक्षकों को बेहतरीन पढ़ाई के लिये उन्मुखीकरण प्रशिक्षण दिया जाए। स्कूल में कक्षा 7 वीं में अध्ययनरत विद्यार्थी लक्ष्य के साथ बैठकर कलेक्टर सत्यम ने उसकी पढ़ाई की जानकारी ली। कक्षा में उन्होने विद्यार्थियों से अंग्रेजी के पाठ भी पढ़वाए। इस दौरान उन्होने विद्यार्थियों को केरियर मार्गदर्शन दिया। कक्षा में अंग्रेजी विषय का शैक्षणिक कार्य कर रही शिक्षिका सरिता सोलंकी को अंग्रेजी माध्यम से ही विद्यार्थियों की पढ़ाई कराने के निर्देश दिये। कलेक्टर ने इस दौरान स्कूल की अन्य कक्षाओं एवं व्यवस्थाओं का भी निरीक्षण किया।

शिक्षकों को अध्यापन के लिये प्रशिक्षित करने के निर्देश, गुणात्मक शिक्षा पर जोर

निरीक्षण के दौरान स्कूल से बिना अनुमति के जन विश्वास शिविर में गये शिक्षक अंकित अवस्थी का कलेक्टर द्वारा एक दिन का वेतन काटने के निर्देश दिये गये। जनपद पंचायत के सीईओ द्वारा स्कूल में बिना सूचना दिये शिक्षक को शिविर में पहुँचने के निर्देश दिये जाने पर जनपद सीईओ का भी एक दिन का वेतन काटने के निर्देश कलेक्टर ने दिये गये।

कार्यक्रम कलेक्ट्रेट के सभाकक्ष में आयोजित किया

जिले के 58845 किसानों के खाते में अंतरित की प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना की राशि

हरिभूमि न्यूज ⏭ हरदा

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को गुजरात के बनासकांठा से पी.एम. किसान सम्मान निधि योजना की 24वीं किस्त की राशि किसानों के खाते में ऑनलाइन अंतरित की। हरदा में जिला स्तरीय कार्यक्रम कलेक्ट्रेट के सभाकक्ष में आयोजित किया गया। इस अवसर पर जिला भाजपा अध्यक्ष राजेश वर्मा, अपर कलेक्टर अनुपमा चौहान, पशु पालन विभाग के उप संचालक डॉ. अजय रामटेके सहित अधिकारी कर्मचारी एवं किसान उपस्थित थे। इस दौरान प्रोजेक्टर के माध्यम से बनासकांठा में आयोजित कार्यक्रम का लाइव प्रसारण भी देखा गया।

तहसीलदार भू-संसाधन प्रबन्धन एस.के. मडण्लोई ने बताया कि हरदा जिले के 58845 किसानों के खाते में प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के तहत दो-दो हजार रुपये की राशि ट्रांसफर की गई। इनमें हरदा तहसील के 10811, खिरकिया तहसील के 9308, टिमरनी तहसील के 9283, रहटगांव तहसील के 11739, सिराली तहसील के 9858 और हंडिया तहसील के 7846 किसान शामिल हैं।

जिला खेल और युवा कल्याण विभाग ने युवा उत्सव का आयोजन किया

जिला स्तरीय युवा उत्सव में 15 से 29 वर्ष आयु वर्ग के 200 युवाओं ने भाग लिया, विभिन्न विधाओं में दिखाई अपनी प्रतिभा

हरिभूमि न्यूज ⏭ हरदा

जिला खेल और युवा कल्याण विभाग हरदा के तत्वावधान में शुक्रवार को जिला स्तरीय युवा उत्सव का सफल आयोजन किया गया। युवा उत्सव में 15 से 29 वर्ष आयु वर्ग के 200 युवाओं ने भाग लिया। जिला खेल अधिकारी विकास खराडकर ने बताया कि युवा उत्सव अंतर्गत समूह लोकगीत, समूह लोकनृत्य, पेंटिंग, कविता लेखन एवं नुक्कड़ नाटक विधा का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर जिला पंचायत उपाध्यक्ष दर्शन सिंह गहलोत, भाजपा जिला अध्यक्ष राजेश वर्मा, नितेश बादर, बसंत राजपूत, जिला खेल अधिकारी विकास खराडकर एवं लाल बहादुर शास्त्री महाविद्यालय के प्राचार्य संजय भार्गव ने मां सरस्वती का पूजन कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। इस दौरान अतिथियों ने

समूह लोकगीत, समूह लोकनृत्य, पेंटिंग, कविता लेखन एवं नुक्कड़ नाटक विधा का आयोजन किया गया। विजेता प्रतिभागियों को मोमेंटो व प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया।

विजेता प्रतिभागियों को मोमेंटो एवं प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। प्रतियोगिता के परिणामों में समूह लोकनृत्य में महात्मा गांधी स्कूल हरदा प्रथम एवं साधना ग्रुप द्वितीय, समूह लोकगीत में सनराइज स्कूल टिमरनी प्रथम, खिरकिया द्वितीय व ग्राम बिच्छापुर तृतीय, नुक्कड़ नाटक में हरदा डिग्री कॉलेज प्रथम, माय किड्स मगरधा द्वितीय एवं पीएम श्री कॉलेज खिरकिया तृतीय, पेंटिंग में आसी ताम्रकार प्रथम, साहित्य शर्मा द्वितीय एवं कृतिका कोगे तृतीय तथा कविता लेखन में नूपुर प्रथम, मेहरून निशा टिमरनी द्वितीय एवं कृष्ण शर्मा तृतीय स्थान पर रहे। चयनित प्रतिभागी अब संभाग स्तरीय युवा उत्सव में भाग लेंगे।



जैत पहुंचकर कमल पटेल ने स्व. काशीबाई चौहान को दी श्रद्धांजलि

माताजी का स्नेह व आशीर्वाद स्मृतियों में रहेंगे : पटेल

हरिभूमि न्यूज ⏭ हरदा

प्रदेश के पूर्व कैबिनेट मंत्री एवं वरिष्ठ भाजपा नेता कमल पटेल शुक्रवार को ग्राम जैत पहुंचे। यहां उन्होंने पूर्व मुख्यमंत्री एवं केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान की माताजी स्वर्गीय काशीबाई चौहान के अंतिम संस्कार में शामिल होकर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। इस दौरान उन्होंने दिवंगत आत्मा की शांति और शोकाकुल परिवार को इस दुख की घड़ी में संबल प्रदान करने की ईश्वर से प्रार्थना की। कमल पटेल ने शोक संवेदनाएं व्यक्त करते हुए कहा कि काशीबाई चौहान का निधन अत्यंत



पीड़ादायक है। मां का स्नेह, संस्कार और आशीर्वाद जीवन की सबसे अनमोल धरोहर होते हैं। माताजी का स्नेहिल व्यक्तित्व और आत्मीय व्यवहार सदैव स्मरणीय रहेगा। उन्होंने भावुक होते हुए कहा कि जब भी माताजी से मुलाकात होती थी, उन्हें मां जैसा स्नेह, अपनत्व और आशीर्वाद मिलता था। वे उन्हें अपने बेटे की तरह स्नेह देती थीं। उनका ममतामयी व्यवहार और आशीर्वाद हमेशा स्मृतियों में जीवित रहेंगे। पटेल ने कहा कि मां का स्थान जीवन में सर्वोपरि होता है। उनके दिए संस्कार और स्नेह परिवार के साथ-साथ समाज के लिए भी अमूल्य धरोहर होते हैं। काशीबाई चौहान का निधन चौहान परिवार के साथ उनके लिए भी व्यक्तिगत अपूरणीय क्षति है। उन्होंने शिवराज सिंह चौहान, वरुण सिंह चौहान सहित समस्त शोकाकुल परिवार के प्रति संवेदनाएं व्यक्त करते हुए ईश्वर से उन्हें इस दुख को सहन करने की शक्ति और धैर्य प्रदान करने की प्रार्थना की।

अराजकता फैलाने वालों पर कार्रवाई होती है तो विपक्ष को होती है तकलीफः विधायक सुदेश राय

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

यूथ देश के भविष्य हैं।अराजक गुंडा तत्व यूथ के माइंड को डायवर्ट कर देते हैं। विरोधियों से यूथ को सावधान सतर्क रहने की जरूरत है। पीएम के मां-बाप को गाली देने वाले लोग सत्ता को तरस रहे हैं उक्त बात गुरुवार को भाजपा युवा मोर्चा के द्वारा युवा संवाद विकसित भारत अभियान के अंतर्गत सत्य साईं यूनिवर्सिटी सीहोर के सभागार में आयोजित कार्यक्रम में उपस्थित युवाओं को संबोधित करते हुए विधायक सुदेश राय ने कही।



विधायक सुदेश राय ने कहा कि युवा राष्ट्र की सेवा कर रहे हैं और यह लोग एसआई आर से डर रहे हैं। फर्जी वोटर गलत राजनीति करने वालों को लाभ पहुंचाते हैं। वोटर लिस्ट संशोधन अति आवश्यक है। भाजपा की यूथ ब्रिगेड राष्ट्रीय हित में सेवा कर रही है। यही बात विरोधियों को हजम नहीं हो रही है। माहौल खराब करने के लिए षड्यंत्र रच रहे हैं। युवाओं को भटका रहे हैं। राष्ट्र निर्माण में बाधा उत्पन्न कर रहे हैं। युवाओं को सचेत रहना है। विकसित भारत के लिए खूब पढ़ाई लिखाई करना है। अपने गांव शहर प्रदेश और देश का नाम रोशन करना है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश बिहार क्षेत्र में उन्नति कर रहा है। मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के मार्गदर्शन में युवा प्रदेश में प्रगति पद पर बढ़ रहे हैं।

अफसरशाही का कमाल, मनरेगा से जी-रामजी तक को दिया झटका

न माया मिली न राम, ग्राम-विकास का सरपंचों का सपना अधर में अटका

हरिभूमि न्यूज ⏭ झिरन्या

भारत सरकार ने पूर्ववर्ती सरकार की मनरेगा बंद कर, जी-रामजी योजना का 1 जुलाई से सूत्रपात किया। लेकिन अफसरशाही ने उन्हें झटका दे दिया और जहां 76 ग्राम पंचायतों में करीब 8 हजार तकनीकी-स्वीकृति जारी करना थी,वह 211 तक ही सिमटकर रह गई। इन हालातों में न माया मिली, न राम, ग्राम-विकास का सपना अधर में अटक गया और सरपंचों का कार्यकाल समाप्ति की कगार पर पहुँच गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार सीइओ और तकनीकी अमला जिला पंचायत खरगोन में तलब किया गया है। जहां पोर्टल पर निर्माण कार्यों को जनरेट किया जा रहा है और अन्य अमला कहां है ? इसकी जानकारी नहीं मिल सकी है। जबकि जनपद पंचायत के 25 मैदानी तकनीकी



अधिकारियों सहित अन्य कर्मियों का अमला है। लेकिन कार्यालय में आठ-दस कर्मचारी ही उपस्थित थे। ज्ञातव्य रहे कि गुरूवार को जिला पंचायत सीइओ मिलिंद नागदेवे और सरपंच-संघ के पदाधिकारियों के मध्य हुई चर्चा के बाद फिलहाल मामला शांत हो गया। इसके पूर्व उन्होंने समीक्षा बैठक में जिम्मेदार अधिकारियों को कड़ी फटकार लगाई थी। तब कहीं मामले को गंभीरता से लेने पर सरपंचों ने सामूहिक-इस्तीफे का निर्णय फिलहाल वापस ले लिया है। इस बीच शुक्रवार को जनपद पंचायत में सन्नाटा पसरा रहा और कई कक्षों में ताले लगे हुए हैं।

दिशा-निर्देशों का पालन किया

सम्पूर्ण मामले को लेकर सहायक यंत्री मुन्नी चौहान और उपयंत्री उमन मंडलोई की प्रतिक्रियाएं सामले आई है। उन्होंने बताया है कि रामजी योजना में 250 में से 115 कार्यों की स्वीकृती भोपाल से मिली है। जबकि सहायक यंत्री ने कहा कि मेरे पास कोई भी प्राक्कलन लंबित नहीं है और मैंने शासन के दिशा-निर्देशों का पालन कर तकनीकी-स्वीकृति जारी की है। जबकि उपयंत्री उमन मंडलोई ने कहा कि व्हीबी-जी रामजी पोर्टल में इरर की समस्याएं आती है और फाइलें अपलोड ही नहीं हो पाती है। जिससे उक्त अवधि तक तकनीकी-स्वीकृतियां जारी करने का प्रयास कर रहें हैं।

सरपंच-संघ ने सफाई को नकारा

सरपंच संघ ने अधिकारियों की सफाई को एक सिरे से नकार दिया है और उन्होंने कहा है कि जनपद-अमला अप-डाउन और आये दिन नदारद रहने से हालात बिगड़े हैं। इसी कारण सरकार की कई महत्वाकांक्षी योजनाये असफल हो रही है और ग्रामीण-विकास का सपना अधर में अटक गया है। हकीकत यह है कि वे फील्ड वेरिफिकेशन और जियो-टैगिंग के लिए कार्य-स्थल नहीं जा रहें हैं। वे अपने कर्तव्यों के प्रति निष्क्रिय और लापरवाह बने हुए हैं। उन्होंने आश्चर्य व्यक्त करते हुए कहा है कि पोर्टल एरर अल्पावधि के लिए संभव है,लेकिन डेढ़ साल तक ऐसा होना संभव नहीं है। इसलिए पीएम आदर्श ग्राम के रू.20-20 लाख) के कार्य और चार माह में जी-रामजी के कार्यों में लेटलतीफी चिंताजनक है।

जी-रामजी योजना में प्रावधान

- फंडिंग पैटर्न 60% केंद्र और 40% राज्य
- श्रमिकों को 125 दिन काम,न्यूनतम रू 300 मजदूरी।
- 15 दिन में काम नहीं तो बेरोजगारी भत्ता (25% से 50%)।
- 15 दिन में डीबीटी से भुगतान, देरी पर 0.05% प्रतिदिन मुआवजा।
- बायोमेट्रिक हाजिरी, डिजिटल मस्टर और सोशल ऑडिट अनिवार्य।
- धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान (आकांक्षी ब्लाक)।
- प्रत्येक ग्राम पंचायत में 20-20 लाख तक के विकास कार्य।
- जल संरक्षण,सड़क, नाली, आंगनवाड़ी, सामुदायिक भवन, पेयजल।
- अनिवार्य चरणः प्रथम तकनीकी,फिर प्रशासकीय स्वीकृति।
- 76 पंचायतों में दोनों स्वीकृतियां नहीं, कार्य शुरू नहीं।

प्रत्येक पंचायत में लक्ष्यः 100 कार्य, कुल 8 हजार

जिला पंचायत सीईओ के निर्देशन में पूरा तकनीकी अमला खरगोन में है और मैं भी उनके साथ निर्माण कार्य पोर्टल पर जनरेट करा रहीं हूं।

रीमा अंसारी, सीईओ,जनपद पंचायत झिरन्या